भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3119

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

केरल में राष्ट्रीय राजमार्गों की सड़क सुरक्षा संपरीक्षा

3119. श्री राजमोहन उन्नीथन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केरल में राष्ट्रीय राजमार्गों के दुर्घटना-संभावित खंडों पर व्यापक सड़क सुरक्षा संपरीक्षाएं कराई गई हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) केरल के कासरगोड जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर चिह्नांकित दुर्घटना प्रवण क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे दुर्घटना प्रवण क्षेत्रों और अन्य सड़क सुरक्षा संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए स्वीकृत सुधारात्मक उपाय कौन-कौन से हैं तथा उनकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) स्वीकृत सुधारात्मक कार्रवाई के कार्यान्वयन के लिए संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं पर सड़क सुरक्षा संपरीक्षाएं समर्पित सड़क सुरक्षा परामर्शदाताओं को नियुक्त करके संचालित की जाती हैं।

केरल के कासरगोड जिले में, चल रही चौड़ीकरण परियोजनाओं के तहत एनएच-66 पर 11 दुर्घटना-प्रवण स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान की गई है। सभी चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर अल्पकालिक सुधार उपाय पूरे हो चुके हैं। 9 ब्लैक स्पॉट पर दीर्घकालिक सुधार उपाय पूरे हो चुके हैं, जबकि शेष 2 ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्य दिनांक 31.03.2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

*****